MAHD-08

June - Examination 2026
M.A. (Final) Examination
हिन्दी
आधुनिक हिन्दी कविता और गीत परम्परा
Paper : MAHD-08

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **80***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. (i) नयी कविता का कालक्रम कौनसा है?
   (ii) समकालीन कविता के प्रवर्तक कवि कौन है?
   (iii) मुक्तिबोध की दो कविताओं के नाम लिखिए।
   (iv) नरेश मेहता के काव्यसंग्रह का क्या नाम है?
   (v) 'कुआनों नदी' किसकी रचना है?
   (vi) कनुप्रिया किस प्रकार का काव्य है?
   (vii) गोपालदास नीरज ने किस प्रकार की रचनाएँ लिखी है?
   (viii) रमानाथ अवस्थी के दो गीतों के नाम लिखिए।

खण्ड–'ब' **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

2. सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

खूब ऊँचा एक जीना साँवला
उसकी अँधेरी सीढ़ियाँ .....
वे एक आभ्यन्तर निराले लोक की।
एक चढ़ना औ' उतरना,
पुनः चढ़ना औ' लुढ़कना,
मोच पैरों में
व छाती पर अनेकों घाव।
बुरे–अच्छे–बीच के संघर्ष
से भी उग्रतर
अच्छे व उससे अधिक अच्छे बीच का संगर
गहन किंचित् सफलता,
अति भव्य असफलता!

3. सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

मैं यहाँ
व्यक्ति से प्रकृति बनने ही आया हूँ पार्थ
इसीलिए
इस प्रज्ञायात्रा की समस्त भयावहता भी
मुझे विचलित नहीं कर पा रही।
मैं अपने इस प्रज्ञारूप को
किसी भी मूल्य पर
अपने ही सम्राट रूप के सामने
विवश या
विनत होते नहीं देख सकता था
पार्थ!

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

उस दिन बरसते में जिस छौने को
अपने आँचल में छिपाकर लाई थी
वह आज कितना, कितना, कितना महान हो गया है?
लेकिन मैं कुछ सोच नहीं पाती
सिर्फ–
जहां तुमने मुझे .....
वहीं बैठकर कंकड़, पत्ते, तिनके, टुकड़े चुनती रही हूँ
तुम्हारे महान बनने में
मेरा कुछ टूटकर बिखर गया है कनु!

5. शमशेर बहादुर सिंह की काव्यकला पर प्रकाश डालिए।
6. गिरिजा कुमार माथुर की रचनाओं में संवेदनाओं को स्पष्ट कीजिए।
7. अशोक बाजपेयी की काव्यगत विशेषता बताइए।
8. हिन्दी साहित्य में गीत परम्परा का स्थान निर्धारित कीजिए।
9. बालस्वरूप राही के गीतों की प्रमुख विशेषता बताइए।

खण्ड–'स' **2×16=32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है।

10. नयी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।
11. समकालीन कविता के प्रमुख कवियों का परिचय देते हुए उनकी रचनाओं का आलोचनात्मक वर्णन कीजिए।
12. हिन्दी साहित्य के गीत परम्परा में गोपालदास नीरज का स्थान निर्धारित कीजिए।
13. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के काव्य की संवेदना और शिल्प का विवेचन कीजिए।
